I TERM EXAMINATION : 2021-22

CLASS - X (ICSE)

Time : 3 hrs. **HINDI** M.M.: 80

Note :- * Answer to this paper must be written on the paper provided separately.

* You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes.
* This time is to be spent in reading the question paper.
* The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.
* This paper comprises of **two** Sections – **Section 'A'** and **Section 'B'**. Attempt **all** the questions from **Section 'A'** .
* Attempt any **four** questions from **Section 'B'** answering at least **One** question from the **two** books you have studied and any other two questions from the same section.
* The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].

**SECTION 'A' [40 Marks]**

**Attempt all questions.**

Q.1. Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on anyone of the following topics: [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए :–

i) 'मेला भारतीय संस्कृति का प्रतीक है।' अपने विचार प्रकट कीजिए।


ii) ''स्वास्थ्य ही धन है'' इसका क्या अभिप्राय है? अच्छे स्वास्थ्य से होने वाले लाभों का वर्णन कीजिये।

iii) 'ग्लोबल वार्मिंग और हमारी धरती' इस पर अपने विचार प्रकट कीजिये।

iv) 'मोबाइल फोन आधुनिक युग की आवश्यकता बन गया है।' इस कथन को सिद्ध कीजिये।

v) एक कहानी लिखिए जिसका शीर्षक निम्नलिखित लोकोक्ति हो–
''कभी न कभी घूरे के दिन भी फिरते हैं''

vi) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए –



Q.2. Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below: [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए–

i) आप जिस क्षेत्र में रहते हैं वहाँ अत्यधिक गन्दगी रहती है, कहीं कोई बीमारी न फैल जाए, इसकी चेतावनी देते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक को पत्र लिखिए।

ii). ''हँसी सबसे बढ़िया दवा है'' यह बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

Q.3. Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own language as far as possible:

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए–

समाज सेवा का क्षेत्र अनंत है। गर्मियों के दिनों में यात्रियों को पानी पिलाने वाला अथवा बड़ी–बड़ी धर्मशालाएँ निर्मित करने वाला या दरिद्रों को रोटियाँ बाँटने वाला सभी समाजसेवक हैं। धनी व्यक्ति कुएँ, तालाब और नहरें खुदवाकर तथा विद्यालय, धर्मशाला, पुस्तकालय तथा अनाथालय बनवाकर समाज की सेवा करते हैं। साहित्यकार और उपदेशक अपनी लेखनी और वाणी से समाज में चेतना का अंकुर उपजाते हैं और उन्हें संजीवनी बूटी पिलाकर समाज की सेवा करते हैं। सड़क बनाने वाले, सफाई करने वाले समाज के वैसे ही सेवक हैं जैसे संसद में कानून बनाने वाले और हमारे देश की रक्षा करने वाले। जो किसान साधारण कपड़ा लपेटे चिलचिलाती धूप में, शिशिर के पाले में और मूसलाधार पानी में खेतों पर काम करता है, उसकी सेवा उन वकीलों और डॉक्टरों से कम नहीं है जो सैकड़ों रुपयों के सूट या अचकन पहनकर कचहिरयों या अस्पतालों में लोगों को कष्ट और यातना से छुटकारा दिलवाते हैं। किसकी सेवा कम है या किसकी अधिक, इसकी तुलना करना वैसे ही असंभव है जैसे यह बताना कि शरीर का काम पाँव के काम से अच्छा है। बुद्ध, ईसा और गाँधी इसलिए अमर हैं क्योंकि उन्होंने मानव समाज की सेवा में अपना जीवन दिया।

समाज सेवा के लिए सब काम, सब धर्म, सब जातियाँ स्त्री–पुरुष, पूर्व–पश्चिम बराबर हैं। उसके हृदय में बस एक आग जलती है। मनुष्य मात्र की सेवा किस प्रकार की जाए ? हम सब अपने–अपने क्षेत्र में सेवा कर सकते हैं। जो बालक–बालिकाएँ अपने फालतू समय में कर सकते हैं वह सेवाएँ इस प्रकार हैं–प्यासे को पानी पिलाना, असहाय को सड़क पार करवाना, रोगी को दवा पिलाना आदि। इसका कोई पुरस्कार नहीं मिलता है, अपनी आत्मा को संतोष मिलता है।

क) समाज–सेवक कौन लोग होते हैं ? [2]

ख) किसी की सेवा की तुलना क्यों नहीं की जा सकती है ? [2]

ग) बुद्ध, ईसा और गाँधी क्यों अमर हैं ? [2]

घ) विद्यार्थी किस प्रकार सेवा कर सकते हैं ? [2]

ड.) समाज–सेवा का किस रूप में पुरस्कार मिलता है ? [2]

Q.4- Answer the following according to the instructions given :

निम्नलिखित के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–

क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विलोम लिखिए– [1]
बूढ़ा , दरिद्र , दुर्बल , रोगी

ख) निम्नलिखित में से किसी एक के दो पर्यायवाची लिखिए – [1]
मनुष्य , स्त्री

ग) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइये– [1]
शरीर , मानवता

घ) शुद्ध कीजिए – [1]
फालतु , कवियित्री

ड़) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइये – [1]
नाक में दम करना , मन भाना।

च. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिये– [3]

i) गाँधी जी <u>मरे नहीं हैं।</u> (रेखांकित के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिये)

ii) समाजसेवा सार्थक है। ( विपरीतार्थक वाक्य बनाइये)

iii) इसका कोई मूल्य नहीं है। (पूर्ण भूतकाल में बदलिए)

## SECTION - B [40 Marks]

**Attempt four questions from this section. You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.**

### साहित्य – सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

Q..5. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''घर पहुँचा तो छोटे से मकान में सामान की ठूसमठास और बच्चों की भीड़ देखकर मेरा दम घुटने लगा।''

i) कौन, किसके घर किस शहर पहुँचा ? [2]

ii) 'सामान की ठूसमठास' और 'बच्चों की भीड़' से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिये। [2]

iii) बाबू श्यामलाकांत की पारिवारिक स्थिति का वर्णन कीजिये। [3]

iv) 'बेरोजगारी' पर अपने विचार एक अनुच्छेद में लिखिए। [3]

Q.6. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''लेकिन भाई एक बात अभी भी समझ में नहीं आयी।''

i) वक्ता तथा श्रोता कौन हैं ? वे किस विषय पर बात कर रहे हैं ? [2]

ii) वक्ता को कौन सी बात समझ में नहीं आयी तथा क्यों ? [2]

iii) श्रोता की बात का वक्ता पर क्या प्रभाव पड़ा ? उन्होंने क्या विचार किया ? स्पष्ट करें ? [3]

iv) कहानी का उद्देश्य लिखिए। [3]

Q.7. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''अभी परसों घी आया है। इतनी जल्दी उठ गया ?''

i) वक्ता तथा श्रोता कौन हैं ? वे किस सन्दर्भ में बात कर रहे हैं ? [2]

ii) ''इतनी जल्दी उठ गया ?'' क्या उठा तथा उठने का कारण बताइये। [2]

iii) श्रोता ने वक्ता के कथन का क्या उत्तर दिया ? उत्तर सुनकर वक्ता की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [3]

iv) कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये। [3]

### साहित्य–सागर (पद्य भाग)

Q.8. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

पानी बाढ़े नाव में, घर में बाढ़े दाम।
दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम।।
यही सयानो काम, राम को सुमिरन कीजै।
पर–स्वास्थ के काम, शीश आगे धर दीजै।।
कह 'गिरिधर कविराय' बड़ेन की याही बानी।
चलिए चाल सुचाल, राखिए अपना पानी।।

i) नाव में पानी बढ़ने पर क्या करना चाहिए और क्यों ? [2]

ii) 'घर में बाढ़े दाम' का आशय स्पष्ट कीजिये। कवि के अनुसार ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए ? [2]

iii) ''पर–स्वास्थ के काज, शीश आगे धर दीजै'' पंक्ति की व्याख्या कीजिये। आज के युग में इस पंक्ति का क्या महत्व है ? [3]

iv) प्रस्तुत कुण्डली का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए। [3]

Q.9. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

न्यायोचित सुख सुलभ नहीं
जब तक मानव–मानव को
चैन कहाँ धरती पर तब तक
शान्ति कहाँ इस भव को ?

i) 'न्यायोचित' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइये कि इससे कवि का क्या अभिप्राय है ? [2]
ii) 'मानव–मानव में आपसी टकराव का क्या कारण है' उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये। [2]
iii) भीष्म पितामह के अनुसार इस आपसी टकराव को कैसे कम अथवा समाप्त किया जा सकता है ? समझाकर लिखिए। [3]
iv) प्रस्तुत कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। [3]

Q.10. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी,
'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की।'
बाँध टूटा झर–झर मिलन के अश्रु ढरके।
मेघ आये बड़े बन–ठन के सँवर के।

i) 'क्षितिज' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिये। वहाँ क्या चमका और क्यों ? [2]
ii) 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की' किसने कही है और क्यों ? समझाकर लिखिए। [2]
iii) 'अटारी' किसे कहते हैं वहाँ कौन क्या कर रहा है? किसके गहराने की बात की जा रही है और क्यों ? [3]
iv) 'बाँध टूटने' से क्या आशय है और इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई ? समझाकर लिखिए। [3]

#####